# बिहार विधान परिषद

**206वां बजट सत्र**

# 20 फरवरी 2024

----

: [**ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** ].

**कुल प्रश्न 24**

----

## शुद्ध पेयजल की आपूर्ति

***40 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में नल जल की लगभग 17 हजार योजनाएं बंद पड़ी हैं जिनके कारण राज्य की इन इलाकों में अवस्थित जनता को शुद्ध पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उकत बंद पड़ी 17 हजार योजनाओं को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## स्वीकृत पदों पर बहाली

***41 प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **अल्पसंख्यक कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी जिलों में कम से कम एक-एक अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय खोले जाने की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है;

(ख) क्या यह सही है कि जमीन उपलब्ध होने तथा भवन निर्माण होने तक तत्काल 13 जिलों में किराये पर मकान लेकर विद्यालय संचालन हेतु 481 पद स्वीकृत कर दिये गये हैं;

(ग) क्या यह सही है कि अब तक राज्य में एक भी अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में पढ़ाई-लिखाई शुरू नहीं हुई है, (जबकि 2 जिला दरभंगा एवं किशनगंज में भवन बनकर तैयार है);

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 13 जिलों में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का संचालन तथा 481 स्वीकृत पदों पर बहाली कब शुरू होगी?

----

**अन्यत्र स्थापित**

***42 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलाअन्तर्गत नगर पंचायत एकमा बजर के वार्ड संख्या-16, ग्राम-कोहड़गढ, पंचायत-भरहोपुर में श्री इंद्रदेव राय के घर के ठीक सामने सड़क, जिसका खाता सं.-1010 सर्वे नं.-2671 है, के बिचों-बीच बिजली का पोल ठीकेदार द्वारा गाड़ देने के कारण सार्वजनिक यातायात बाधित हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्युत पोल को हटाने के लिए कई माननीय सदस्यों ने भी कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्यप्रमंडल, सारण को पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है, किन्तु अबतक उक्त विद्युत पोल सड़क से हटाया नहीं गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सार्वजनिक हित में उक्त विद्युत पोल को अन्यत्र स्थापित कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

**पेय जल की व्यवस्था**

***43 श्री विजय कुमार सिंह (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुंगेर जिले के टेटियाबम्बर प्रखण्ड अन्तर्गत नोनाजी पंचायत के ग्राम-लसकरा पथरी ईलाका के कारण पेय जल की कठिनाई हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि शेखपुरा एवं लखीसराय के कजरा एवं अभयपुर में कई गाँव में सुरक्षिक मुख्यमंत्री

विकास निधि से व्यवस्था दूसरे जगह से पानी ला कर किया गया है;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो उपरोक्त कंडिका (ख) के तहत ग्राम-लसकरा में भी पेय जल की व्यवस्था हेतु विशेष योजना लागु करना चाहेगी, यदी हाँ तो कब तक नही तो क्यों ?

----

## फिडर का स्थाप्ना

***44 श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चंपारण के ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली प्रायः हमेशा दो से तीन बार बंद होती है;

(ख) क्या यह सही है कि शहरी क्षेत्रों के अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की कटौती की जाती है, जिसमें कुमारबाग फिडर से कुमारबाग औद्योगिक क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों की विधुत सप्लाइ एक फिडर के होने से अत्यधिक लोड पड़ने से बार बार ब्रेक डाउन हो जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुमारबाग में एक और फिडर का स्थापना कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## नल कूपों का रख-रखाव

***45 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जिला-जहानाबाद में लगभग सभी सरकारी नलकूप खराब एवं अस्त-व्यस्त हालत में पड़े है;

(ख) क्या यह सही है कि विभाग द्वारा उन पर शिकायत के बावजूद भी उनके रख-रखाव में लापरवाही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार द्वारा जिला-जहानाबाद में खराब पड़े सभी सरकारी नलकूपों के रख-रखाव एवं उसे ठीक करने की कोई योजना है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कराने का विचार

***46 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखण्ड के अर्न्तगत ग्राम मठाराही में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण होना है;

(ख) क्या यह सही है कि गांव से शहर की दूरी करीब 14 कि०मी० है। गांव में बीमार लोगो के इलाज हेतु शहर के अस्पताल के अलावा और कोई दूसरा साधन नहीं है;

(ग) क्या यह सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए गांव में बिहार सरकार की भूमि खाता न०- 4860 खेसरा- 4848 रकवा- 50 डि० मौजा हावीडीह थाना नं०- 115 में उपलब्ध है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कराने

का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पोल गड़वाने पर विचार

*47 **डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखण्ड के पड़री पंचायत के वार्ड न०-08 एवं 07 के अधिकतर पुराने पोल का स्तर नीचे हो जाने के कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है एवं बड़े वाहन के चपेट में आ जाने के कारण विद्युत आपूर्ति की समस्या उत्पन्न हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त रोड में दो-तीन पोल रोड के किनारे झुका हुआ है, जिसके कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है;

(ग) क्या यह सही है कि नया पोल गाड़ने एवं झुका हुआ पोल को ठीक करने के लिए कई बार अनुरोध किया गया परन्तु फलाफल शून्य है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार झुका हुआ पोल को यथाशीघ्र ठीक करवाने एवं अतिरिक्त पोल गाड़ना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*48 **डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सहरसा जिले के सत्तरकटैया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर का उपस्वास्थ्य केन्द्र क्षतिग्रस्त है और नवहट्टा प्रखंड के सत्तौर पंचायत के नारायणपुर ग्राम में उपस्वास्थ्य केन्द्र के नहीं रहने से एक बड़ी आबादी स्वास्थ्य सेवा से वंचित है;

(ख) क्या यह सही है कि शाहपुर उपस्वास्थ्य केन्द्र एवं सत्तौर उपस्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण से एक बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सेवा का लाभ दिया जा सकता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कहरा प्रखंड के शाहपुर एवं नवहट्टा प्रखंड के सत्तौर पंचायत के नारायणपुर ग्राम में उपस्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## चिकित्सकों की बहाली

***49 श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड तरैया के तरैया रेफरल अस्पताल में अस्पताल प्रभारी समेत मात्र तीन चिकित्सक पदस्थापित हैं, जबकि अस्पताल में कुल 13 चिकित्सक का पद स्वीकृत है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल में महिला चिकित्सक का पद चार वर्षों से एवं ड्रेसर का पद विगत दस वर्षों से रिक्त है, साथ ही पांच वर्षों से सोनोलॉजिस्ट चिकित्सक के अभाव में अल्ट्रासाउंड मशीन भी बंद पड़ी है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल में चिकित्सकों की कमी के कारण मरीजों का ईलाज ससमय नहीं हो पाता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (क) में वर्णित अस्पताल में महिला चिकित्सक, ड्रेसर एवं सोनोलॉजिस्ट चिकित्सक बहाल करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## कॉलेजों की सूची

***50 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि माह सितम्बर 2020 से अभी तक कितने नर्सिंग कॉलेज, पारा मेडिकल की स्थापना की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि स्थापना की गई इस अवधि में खोले गये सभी नर्सिंग एवं

पारा मेडिकल कॉलेज सरकार के मानक के अनुरुप हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मानक के अनुरुप चल रहे कॉलेजों की सूची उपलब्ध कराना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## नामकरण पर विचार

*51 **श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला के प्रखंड शाम्हो अकहा कुरहा की अकबरपुर बरारी पंचायत के बिजुलिया ग्राम में विद्युत उपकेन्द्र अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में यह विद्युत उपकेन्द्र बाढ़ आने के कारण डूब जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि बाढ़ के समय लगभग तीन महीनों तक उक्त विद्युत उपकेन्द्र से विद्युत आपूर्ति नहीं होती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्युत उपकेन्द्र को ऊंचा कर संबंधित विद्युत उपकेन्द्र से लाभांवित हो रहे उपभोक्ताओं को निर्बाध रुप से बिजली मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## ब्लड बैंक सेवा

*52 **श्री देवेश कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि कैग रिपोर्ट 2021 के मुताबिक सिर्फ नौ जिला अस्पतालों में ब्लड बैंक सेवा उपलब्ध है, जबकि भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक के अनुसार हर जिले में ब्लड बैंक होना आवश्यक है;

(ख) क्या यह सही है कि स्वास्थ्य मंत्रालय के आस-पास क्या ऐसा कोई उचित योजना है कि वह इन जिला अस्पतालों में ब्लड बैंक की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कब तक सभी जिलों में ब्लड बैंक सेवा उपलब्ध कराना चाहती है ?

----

## प्रभार मुक्त

*53 **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **विधि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा के सरकारी वकील का प्रभार विगत पांच वर्षों से अवैध ढंग से उनके पास है, जिनका नाम सरकारी वकील और सहायक सरकारी वकील के पैनल में कहीं नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि माननीय विधायक श्रीमती नीतु कुमारी ने सरकार को दिये गये ज्ञापन में उल्लेख किया है कि उक्त प्रभारी जी०पी० 75 वर्षीय वृद्ध हैं और हृदय रोग से ग्रसित रहने के फलस्वरुप न्यायालयों में उपस्थित होने तथा दौड़-धूप में सक्षम नहीं हैं

(ग) क्या यह सही है कि खण्ड (ख) में वर्णित ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया है कि कुछ दलाल टाईप लोग इनके दफ्तर को चलाते है और दोहन करके अप्रत्यक्ष रुप से सरकारी भूमि सहित अनेक सिविल मामलों में सरकारी पक्ष को कमजोर करने का गंभीर कृत्य करते हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रशासनिक दृष्टिकोण से प्रभारी जी०पी० को प्रभार मुक्त करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## द्वितीय वित्त उन्नयन

*54 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि स्वास्थ्य निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक-626(4) दिनांक- 25.04.2023 द्वारा स्वास्थ्य प्रशिक्षक संवर्ग के कर्मियों को एम.ए.सी.पी. के तहत 10, 20 एवं 30 वर्षों की सेवा पूर्ण करने के पश्चात प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय एम.ए.सी.पी. के रुप में 4600/-, 4800/-, एवं 5400/- वित्त उन्नयन दिये जाने का प्रावधान वित्त विभाग, बिहार के परामर्श के आलोक में निर्धारित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त प्रावधान के बावजूद पटना, वैशाली, नालंदा एवं भागलपुर सहित राज्य के अन्य जिलों में कार्यरत कतिपय स्वास्थ्य प्रशिक्षकों को 30 वर्ष की सेवा पूर्ण नहीं होने के बावजूद भी वित्त उन्नयन के रुप में 5400/- रु का लाभ दिया जा रहा है जबकि अन्य समकक्षों को इस लाभ से वंचित रखा गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 5400/- रु

एम.ए.सी.पी. पाने वाले प्रशिक्षकों की भांति अन्य समकक्षों को भी द्वितीय वित्त उन्नयन के रुप में 5400/- रु प्रदान किए जाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पिकु वार्ड का निर्माण

*55 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प.चम्पारण जिला अन्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में Picu ( पिकु ) वार्ड के निर्माण हेतु जिला से अनुशंसा के बावजुद अभी तक स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पिकु वार्ड का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## औद्योगिक विकास

*56 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के सकल में घरेलू उत्पाद में औद्योगिक उत्पाद की हिस्सेदारी बहुत कम है तथा औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने के लिए और इसे देश के औसत औद्योगिक उत्पादन के समकक्ष लाने के लिए सरकार ने विगत वर्षों में क्या प्रयास किए है;

(ख) क्या यह सही है कि विगत में औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा किये गए प्रयासों की क्या उपलब्धि रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने के लिये कोई समयबद्ध कार्यक्रम बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पदाधिकारियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई

*57 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दानापुर, खगौल, पटना में वित्तीय वर्ष 2019-2020 से 2022-23 तक रॉयल क्राफ्ट इम्पेक्स दीदारगंज चेक पोस्ट,

पटना सिटी, पटना- 800008 (बिहार) का जेनेरेटर चलाया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त केन्द्र में चौबीस घंटे निर्बाध रुप से बिजली उपलब्ध रहती है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त केन्द्र में निर्बाध रुप से बिजली रहने के बावजूद रॉयल क्राफ्ट इम्पेक्स, दीदारगंज को जेनेरेटर प्रचालन मद में गलत विपत्र के आधार पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य सचिव के ताल-मेल से 25 लाख रुपये का भुगतान किया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त गलत विपत्र की सरकार के निगरानी विभाग से जांच करने की अति आवश्यकता है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गलत विपत्र के आधार पर किये गए भुगतान की जांच निगरानी विभाग से कराते हुए संलिप्त पदाधिकारियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## फीडर की व्यवस्था

*58 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत दर्जनों पंचायत में सिंचाई कार्य हेतु अलग बिजली फीडर एवं ट्रांसफर्मर की व्यवस्था नहीं होने से सिंचाई कार्य में बाधा उत्पन्न होती है;

(ख) क्या यह सही है कि विभागीय प्रावधानानुसार घरेलू बिजली मीटर से सिंचाई एवं पटवन कार्य की मनाही है;

(ग) क्या यह सही है कि अब तक सिंचाई हेतु बिजली की अलग व्यवस्था नहीं होने के कारण सिंचाई नहीं हो पा रही है एवं कृषि कार्य बाधित हो रहे हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसी सभी पंचायतों में सिंचाई कार्य हेतु अलग ट्रांसफर्मर एवं बिजली फीडर की व्यवस्था करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अपूर्ण ऑक्सीजन प्लान्ट

***59 श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि कोरोना काल में ऑक्सीजन की मांग को लेकर वर्ष 2021 में कटिहार जिला के कदवा प्रखण्ड अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, दुर्गागंज परिसर में ऑक्सीजन प्लान्ट स्थापित किये जाने की विभाग द्वारा घोषणा की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त ऑक्सीजन प्लान्ट का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया, जो अब तक अपूर्ण है, जबकि मशीन भी निर्माण स्थल पर रखी हुई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपूर्ण ऑक्सीजन प्लान्ट का निर्माण कार्य पूर्ण करा कर उसे चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नल-जल योजना

***60 श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सभी पंचायतों में नल-जल योजना के संचालन का दायित्व लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को मिल गया है;

(ख) क्या यह सही है कि अधिकांश वार्डों में मोटर, पाइप या टंकी क्षतिग्रस्त है जिससे आम जनता को पानी की समस्या हो गई है;

(ग) क्या यह सही है कि नल-जल योजना के रख-रखाव के लिए जिला स्तर पर राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे मेंटेनेंस नहीं हो पा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस समस्या का जल्द समाधान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापना

***61 श्री बिनोद कुमार जयसवाल (स्थानीय प्राधिकार, सीवान):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सिवान जिला के गोरियाकोटी प्रखंड की सदीसोपुरी पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी के द्वारा अंचलाधिकारी गोरियाकोटी से जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था, अंचलाधिकारी ने अपने जांच प्रदिवेदन में जमीन उपलब्ध कराने का प्रतिवेदन विभाग को दे दिया है;

(ग) क्या यह सही है कि जमीन उपलब्ध होने के बाद भी आज तक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य आरम्भ नहीं कराया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोरियाकोटी के सदीसोपुरी में उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## चिकित्सकों की नियुक्ति

*62 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि दंत चिकित्सा महाविद्यालय, पटना में सृजित एवं रिक्त पदों के विरुद्ध संविदा के आधार पर नियुक्त दंत चिकित्सक शिक्षकों की नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग की संकल्प संख्या- 12534, दिनांक- 17.09.2018 की अनुशंसा के आलोक में संविदा अवधि, नियमित नियुक्ति अथवा सेवानिवृति की आयु, जो भी पहले हो, तक के लिये की गई थी, इसमें दंत चिकित्सकों की संविदा अवधि विस्तार करने की कोई आवश्यकता नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 2022 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक पत्र सं.सं.-17/ए1-59/2019 दिनांक 14.03.2022 निर्गत किया गया, जिसमें कि संविदा के आधार पर नियुक्त दंत चिकित्सकों की नियुक्ति तिथि से 'एक वर्ष' या उन पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो अनुमान्य होगी तक के लिए का जिक्र किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संविदा पर कार्यरत पटना दंत चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सकों के लिए नियुक्ति के समय का ही नियम लागू करने का विचार रखती है ?

----

## नल जल योजना

*63 **श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिला में पंचायती राज के अंतर्गत सभी वार्ड में

संचालित नल जल योजना का अधिग्रहण लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा कर लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि अधिग्रहण के पश्चात नल जल योजना के स्थानीय स्तर पर संचालन के अनुरक्षक की नियुक्ति की गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अधिग्रहण के समय से पहले इन सभी नल जल योजनाओं के पंप अनुरक्षक के लम्बित मानदेय का भुगतान अधिग्रहण के पूर्व कब तक करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----